# डीएमए के निदेशक ने दिए पीएम आवास की ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश

बिरसानगर में पीएम आवास... 3571 लाभुकों ने बैंकों में जमा किए पैसे

## पीएम आवास के लाभुकों को होम लोन देने के नियम सरल बनाएं बैंक : निदेशक

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर



पीएम आवास योजना का निरीक्षण करते अधिकारी।

बिरसानगर पीएम आवास योजना के 9 ब्लॉकों का निर्माण चल रहा है। यहां कुल 9591 फ्लैट बनेंगे। अब तक 3571 लाभुकों ने बैंक में 5-5 हजार रुपए का चालान जमा किया है। जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, दीपक मांझी व सरिता कुमारी को लोगों के बीच जागरूकता व योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। वहीं गुरुवार को नगर विकास विभाग के निदेशक ने बैंकर्स हाउसिंग उप समिति के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत लाभुकों को गृह ऋण देने की प्रक्रिया सरल बनाने का निर्देश दिया। बैठक में नगर निकायों के नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी, एसबीआई समेत प्रमुख बैंकों के वरीय अधिकारी शामिल हुए। जेएनएसी के एसओ कृष्ण कुमार ने बताया कि बिरसानगर में पीएम आवास योजना का निर्माण कार्य चल रहा है। बागुनहातु में पीएम आवास योजना की लॉटरी निकाली गई है।

## पीएम आवास ऋण की प्रक्रिया को बनायें सरल

- नगर विकास विभाग ने की योजनाओं की समीक्षा
- पीएम आवास योजना की भी जानकारी ली

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

नगर विकास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बनाये जा रहे किफायती आवास परियोजनाओं में आवास आवंटित लाभुकों को गृह ऋण प्रदान करने एवं ऋण प्रक्रिया को और सरल बनाने का निर्देश दिया है. गुरुवार को निदेशक नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की हाउसिंग उपसमिति की ऑनलाइन बैठक हुई. इसमें प्रमुख बैंकों के राज्य प्रमुख, राज्य के नगर निकायों के नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी मौजूद थे.

बैठक में गृह ऋण की समीक्षा की गयी. बैठक के दौरान बिरसानगर में बन रहे पीएम आवास योजना की भी समीक्षा की गयी. इस दौरान विशेष पदाधिकारी ने बताया कि बागुनहातु किफायती आवास परियोजना मे लॉटरी के उपरांत अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया है.